हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 मई 2024

12 मैराथन से किया मतदान के प्रति जागरूक



12 शराब छुड़ाने का दावा करने वाला तुलसी धाम विवादों में



## खबर संक्षेप

### तीन युवक 150 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** सीआईए स्टाफ डबवाली पुलिस ने गांव चौटाला क्षेत्र से बाइक सवार तीन युवकों को 150 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव चौटाला में भारतमाला रोड क्षेत्र में मौजूद थे। इस दौरान गांव चौटाला की ओर से एक बाइक पर तीन युवक आते दिखाई दिए। सामने पुलिस पार्टी को देखकर बाइक सवारों ने वापस जाने का प्रयास किया।

### मंदिर में आठवां मासिक भंडारा व जागरण संपन्न

**ओढा।** श्री दुर्गाष्टमी पर ओढ़ा के दुर्गा मंदिर मे श्री दुर्गा भजन मंडल की ओर से माता रानी का आठवां भंडारा और जागरण सभी के सहयोग से करवाया गया। जागरण का शुभारंभ मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा ने 'योति प्र'वलित करते हुए वंदना, गणेश, सरस्वती, लौकडिया, भैरों बाबा, दुर्गा चालीसा और हनुमान चालीसा के साथ किया।

### फतेहाबाद शहर से दो छात्राएं लापता

**फतेहाबाद।** शहर से दो छात्राओं के लापता होने का समाचार है। इनके परिजनों ने कुछ युवकों ने इन्हें बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पहले मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में हंस कालोनी फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी लड़की 10वीं कक्षा में पढ़ती है। रोजाना वह स्कूल की सरकारी बस में स्कूल जाती है।

### टोहाना में पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने के आरोप में पुलिस ने टोहाना से एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ टोहाना पुलिस की टीम एएसआई सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त कर रही थी तो उसे सूचना मिली कि शुभम निवासी चौखंडी मोहल्ला टोहाना नामक युवक सैन चौक, रतिया रोड पर किसी के इंतजार में खड़ा है और उसके पास नाजायज असला है।

### पांच माइक्रो ऑब्जर्वर को भी दिए नोटिस

# प्रशिक्षण से गैरहाजिर होने वाले 145 कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी

वाजिब जवाब न मिलने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोकसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र फतेहाबाद, टोहाना और रतिया के लिये ड्यूटी पर लगाये गये प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स तथा अल्टरनेट प्रीजाइडिंग ऑफिसर्स, सैक्टर ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर सहित अन्य पोलिंग स्टाफ के लिए प्रशिक्षण डीपीआरसी हाल और एमएम कॉलेज में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण से गैरहाजिर रहने वाले कर्मचारियों को सबंधित विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं एसडीएम ने नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। एआरओ एवं एसडीएम ने कर्मचारियों को गैरहाजिर होने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर अपना जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। वाजिब जवाब ना मिलने पर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र फतेहाबाद में 44 कर्मचारी, टोहाना विधानसभा के 58 और रतिया विधानसभा के 43 कर्मचारी गैरहाजिर मिले। इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा 5 माइक्रो ऑब्जर्वर गैर हाजिर मिले थे। माइक्रो ऑब्जर्वर अखिल वर्मा, हरीश सोनी, मयंक गोयल, राकेश मेहता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

#### रतिया विस में इनको जारी किया कारण बताओ नोटिस

रतिया विधानसभा में पीओ राधे श्याम, एसडीसी कृष्ण कुमार, पीओ ओम विष्णु, जेबीटी अध्यापक राकेश कुमार, एपीओ जसपाल सिंह, लिपिक मंजीत सिंह, एपीओ प्रवीण, पीओ राकेश कुमार, पीओ भागी राम, पीओ महेंद्र सिंह, पीओ रमेश कुमार, एपीओ अनिल कुमार, पीओ विजय कुमार, पीओ मंजीत राम, एपीओ जितेंद्र, ऑक्शन रिकॉर्डर राकेश सिंह, पीओ नवीन कुमार, कैश लिपिक सुनीश चुघ, जेबीटी अध्यापक राम निवास, पीओ सुरेंद्रपाल, एपीओ ओम प्रकाश, लिपिक अनिल, पीओ नरेश कुमार, एपीओ रोहताश कुमार, जेबीटी अध्यापक जयबीर, शिफ्ट अटेंडेंट प्रीतम सिंह, पीओ भुवनेश मेहता, पीओ विनोद कुमार, पीओ मनोज कुमार, पीओ प्रवीण, पीओ जगदीश चंद्र, लिपिक राम, लिपिक प्रदीप कुमार, लाइनमैन रोहताश, पीओ सतीश, पीओ राहुल, पीओ रामफल, लिपिक सुशील कुमार, पीओ प्रदीप, पीओ रमेश कुमार, लैब अटेंडेंट संदीप कुमार, पीओ राजबीर सिंह व कंप्यूटर टीचर नवीन कुमार को करण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

#### फतेहाबाद विस में इनको जारी किया नोटिस

फतेहाबाद विधानसभा में सहायक सुभाष, प्रिंसीपल राममेहर, एलडीसी सुरेन्द्र कुमार, वैटनरी सहायक दर्शन लाल, सहायक यगसीर सिंह, लिपिक विकास मीणा, प्रिंसीपल जगदीश चंद्र, जेई बंसी लाल, जेबीटी अध्यापक हरेन्द्र, पीजीटी अध्यापक राजेश कुमार, लेखाकार पवन कुमार, जेबीटी अध्यापक सुरेश कुमार व देवेन्द्र कुमार, पीओ सुनील कुमार, पीओ संदीप कुमार, जेबीटी अध्यापक हरदीप राय, लिपिक तरूण कुमार, जेबीटी अध्यापक सुनील जांगड़ा, पीओ महेश कुमार, जेबीटी अध्यापक कश्मीरी लाल व जसबीर सिंह, पीओ सुखबीर सिंह, पीओ गुलशन कुमार, एपीओ छाजू सिंह, लिपिक नीरज मील, एपीओ नरेन्द्र कुमार, पीओ जमला सिंह, पीओ हनुमान सिंह, पीओ उमेद सिंह व ज्योति जैन, लिपिक चिराग, जेबीटी अध्यापक भजन लाल, पीओ जगदीश चन्द्र, ऑक्शन रिकार्डर अमित कुमार, पीओ दीपक कुमार, जेबीटी अध्यापक सतीश कुमार, एलडीसी संजीव कुमार, पीओ कृष्ण कुमार, जूनियर लेखाकार किताब सिंह, लिपिक कम कैशियर पुषकर, सहायक लाइनमैन विजय कुमार व गुरदियाल सिंह, पीओ राजेश कुमार व सत्या नारायण व पीओ प्रदीप कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

#### टोहाना विस में इनको जारी किया कारण बताओ नोटिस

टोहाना विधानसभा में जेबीटी अध्यापक संजीव कुमार, हॉकी कोच जितेन्द्र, लिपिक दीपक, जेबीटी अध्यापक दिनेश कुमार, लिपिक रमेश कुमार, प्रिंसीपल रजनीश कुमार, जेबीटी अध्यापक गुरदीप सिंह, जेई विजय नापा, पीजीटी अध्यापक प्रदीप लौरा, प्रिंसीपल शशि प्रकाश, जेबीटी अध्यापक विनोद कुमार, लेखाकार श्रवण कुमार, जेबीटी अध्यापक रमेश, लिपिक मोहन लाल, कंप्यूटर लिपिक धर्मवीर सिंह, उप अधीक्षक वासु देव, प्रिंसीपल उग्रसैन, एमपीएचडब्ल्यू दीपक, लिपिक संदीप, जेबीटी अध्यापक सिकंदर कुमार, लिपिक रामजीलाल, एएलएम सुदेश कुमार, यूडीसी रमेश कुमार, डीएससी मुकेश कुमार, जेबीटी अध्यापक अशोक कुमार, पीओ मंदीप दलाल, पीओ बलविन्द्र सिंह, पीओ कृष्ण कुमार, जेबीटी अध्यापक प्रहलाद सिंह, जेबीटी अध्यापक ओम प्रकाश, पीओ राकेश कुमार, जेबीटी अध्यापक सज्जन सिंह, जेबीटी अध्यापक सुल्तान सिंह, एपीओ सुदामा प्रसाद, उप निरीक्षक सुरेश कुमार, प्रिंसीपल रमेश कुमार, एपीओ अजय निर्मल, पीओ मनोज नागपाल, पीओ रवि, पीओ मनोज बाबू, जेबीटी अध्यापक राजबीर, ऑक्शन रिकॉर्डर विक्रम सिंह, उच्च ग्रेड सहायक सुधीर व कृष्ण लाल बजाज, जेबीटी अध्यापक शिशपाल, प्रिंसीपल रणदीप गोदारा, पीजीटी अध्यापक प्रदीप कुमार, पीओ गुलाब सिंह, एपीओ राजेश कुमार, पीओ अशोक कुमार, लिपिक संदीप, पीओ अमरीक सिंह, एपीओ सुनील यादव, जेबीटी अध्यापक संजीव कुमार, पीओ धर्मेंद्र, जेबीटी अध्यापक सुशील कुमार, लिपिक आयुष व एपीओ कमलेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## पहले दिन घर से 380 दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशासन की ओर से दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए घर से ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में बुधवार 15 मई को ऐसे 380 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। यह मतदान प्रक्रिया 20 मई तक चलेगी। उन्होंने बताया कि बुधवार को सिरसा लोकसभा क्षेत्र में दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने घर से अपने मत का प्रयोग किया। इन मतदाताओं के मतदान प्रक्त्रिया के लिए 26 पोलिंग पार्टियां नियुक्त की गई हैं, जोकि घर जाकर ऐसे मतदाताओं का मतदान करवाएंगी। यह मतदान प्रक्त्रिया 20 मई तक चलेगी। उन्होंने बताया कि जिला सिरसा से 293 दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु के 742 मतदाताओं ने घर से वोट डालने के लिए फार्म 12-डी भर कर आवेदन किया है।

## विभिन्न मामलों में वांछित 34 भगौड़ पकड़े

**सिरसा।** जिला पुलिस द्वारा संपति विरुद्ध अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों, अवैध असलाह धारकों व विभिन्न मामलों मे वांछित भगौड़ों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी प्रकार मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत बीते अप्रेल माह के दौरान कुल 22 अभियोग दर्ज कर गिरफ्तार किए गए 28 लोगों के कब्जे से 2306 किलो डोडा व चूरापोस्त जबकि 268 ग्राम 115 मिलीग्राम हैरोइन, 2 किलो 605 ग्राम अफीम, एक किलो 625 ग्राम गांजा 42600 नशीली गोलियां बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक के अनुसार जिला पुलिस द्वारा अप्रेल माह के दौरान शराब तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अवधि के दौरान अह्य2बकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए 113 अभियोगों में गिरफ्तार किए गए 111 लोगों के कब्जे से 1544 बोतल देसी शराब, 763 बोतले अवैध शराब, 5320 लीटर लाहन बरामद किया है। जिला पुलिस द्वारा बीते अप्रेल माह 2024 के दौरान लूट, गृहभेदन व सामान्य चोरी की अनेक वारदातों को महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर सुलझाया गया है। बीते अप्रेल माह के दौरान जिला पुलिस द्वारा सम्पति विरुद्ध अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में काबू किए गए आरोपियों की निशानदेही पर 6 लाख 50 हजार रुपए की चोरीशुदा संपति बरामद की गई है।

## प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर रखी जा रही कड़ी निगरानी

- चार प्रत्याशियों के चुनावी खर्च नहीं पाया सही मिलान, 18 मई तक मिलान करवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

खर्च पर्यवेक्षक विजय सिंह ने वीरवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीपीआरओ कार्यालय में स्थापित एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमसीएमसी कक्ष में मीडिया मॉनिटरिंग के लिए स्थापित किए गए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा प्रिंट मीडिया कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रत्याशी एमसीएमसी कमेटी की अनुमति के बिना समाचार पत्र व न्यूज चैनल में विज्ञापन नहीं दे सकता। विज्ञापन देने से पहले उन्हें एमसीएमसी कमेटी उक्त विज्ञापन की अनुमति लेनी होती है। उन्होंने कहा कि एक प्रत्याशी अपने चुनाव प्रचार में 95 लाख रुपये खर्च कर सकता है। सभी प्रत्याशियों को तीन बार खर्च पर्यवेक्षक कार्यालय में अपने खर्च का ब्यौरा देना होता है। खर्च पर्यवेक्षक ने कहा कि किसी भी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में पार्टी के स्टार प्रचारक आते हैं तथा मंच साझा कर उम्मीदवार के लिए वोटों की अपील करते हैं तो उनका खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा।

## सोशल मीडिया पर झूठी व भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिला के सभी पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को सोशल व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव 25 मई को होने निर्धारित हैं। चुनाव आयोग से मिले दिशा-निर्देशों की अनुपालना के तहत जिले में शांति एवं सौहार्द के वातावरण मे चुनाव संपन्न करवाना पुलिस का परम दायित्व है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे अवसर पर असामाजिक तत्व सोशल मीडिया का भी सहारा लेते है तथा सोशल मीडिया पर झूठे व भ्रामक पोस्ट डालकर व प्रचार करके आमजन को गुमराह कर सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की झूठी व सनसनी फैलाने वाली पोस्टों से समाज मे असंतोष की भावना को बढ़ावा मिलता है, वहीं कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्व व्यक्तिगत तौर पर भी लोगों को उकसाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने जिला के सभी पुलिस अधिकारियों से ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखने व खुफिया तंत्र को हाई अलर्ट पर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की फेक व लोगों में सनसनी फैलाने वाली पोस्टों पर सख्ती से अंकुश लगाने व ऐसी पोस्ट अथवा अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी अपील की है कि बिना सच्चाई जाने अफवाह फैलाने वाली किसी भी पोस्ट व वीडियो को फॉरवर्ड न करें व अफवाहों से बचें।

## ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे किया जाम

- ग्रामीणों की चेतावनी : 20 मई तक चोर नहीं पकड़े गए तो करेंगे चुनावों का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

गांव दड़बा कलां में 2 मई को हुई चोरी की गुत्थी पुलिस द्वारा नहीं सुलझाने पर ग्रामीणों में वीरवार को रोष फैल गया। चुनाव से पहले चोरों को नहीं पकड़ने पर ग्रामीणों ने गांव में बैठक कर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला लिया। इसी के साथ ही ग्रामीणों ने सिरसा-भादरा स्टेट हाइवे पर दो घंटे तक जाम लगा दिया। जाम लगाने की सूचना मिलने पर डीएसपी सुभाष चंद्र व चौपटा थाना प्रभारी सत्यवान मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने 20 मई तक चोरी की गुत्थी नहीं सुलझाने पर फिर से जाम लगाने की चेतावनी पुलिस को दी। उल्लेखनीय है कि गांव निवासी सूची देवी बैनीवाल 2 मई को घर पर सो रही थी।



सिरसा। सिरसा-भादरा स्टेट हाइवे पर जाम लगाते ग्रामीण।

## फतेहाबाद में बियर की पेटियों से भरा ट्रक पलटा, 450 पेटियों में बोतलें टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिसार रोड पर मताना मोड़ से पहले वीरवार सुबह बियर की पेटियों से भरा ट्रक पलट गया। हादसा ट्रक के आगे पशु आने से हुआ। हादसे के चलते बियर की पेटियां सड़क पर बिखर गई और अधिकतर बोतलें टूट गई। सडक पर ट्रक पलटने से हिसार की तरफ से आने वाला रोड बंद हो गया। सुबह 8 बजे तक मजदूरों की मदद से सुरक्षित बची बोतलों को अलग करने का काम चलता रहा। इसके चलते ट्रैफिक को दूसरी साइड से निकाला गया। हादसा सुबह 2 बजे का बताया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार रेवाड़ी से बियर की 950 पेटियां लेकर ट्रक फतेहाबाद आ रहा था। ट्रक को फतेहाबाद के एल-1 ठेके पर लाया जा रहा था। जब ट्रक रात करीब 2 बजे मताना मोड़ के पास पहुंचा तो अचानक पशु आगे आ गया। उसे बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। घटना की सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जिस फर्म पर सप्लाई होनी थी उसके संचालक को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे फर्म प्रतिनिधि निखिल ने बताया कि सुरक्षित बची बोतलों को रिकवर किया जा रहा है और इसके बाद ट्रक को क्रेन की मदद से साइड में किया जाएगा, ताकि ट्रैफिक को बहाल किया जा सके।

### आग लगने से खेत किनारे पेड़ हुए नष्ट

**सिरसा।** रानियां पुलिस ने वन विभाग के वन रक्षक संदीप कुमार, वन दरोगा सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर गांव अभोली निवासी तीन जमींदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वन विभाग के कर्मचारियों की ओर से पुलिस में दी गई शिकायत में बताया कि सिरसा से रानियां रोड पर गश्त के दौरान गांव अभोली रोड पर साथ लगते खेत में आग लगी हुई पाई। आग से रोड किनारे करवाए गए पौधारोपण में से 48 पौधे नष्ट हो गए, जबकि कीकर का सूखा हुआ पेड़ जलकर नष्ट हो गया। वन कर्मियों की ओर से शिकायत में बताया कि आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि सड़क किनारे खेत के जमींदारों ने गेहूं के भूसे में आग लगाई थी, जोकि सड़क किनारे तक फैल गई।

## सिरसा में पहली बार अरूट महाराज की जयंती पर निकलेगी शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के प्रधान सतीश अरोड़ा।

आगामी 30 मई को अरूट महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जयंती के उपलक्ष्य में ही 29 मई की शाम 3 बजे से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें सर्वसमाज के लोगों की भागीदारी रहेगी। 36 बिरादरी के लोगों को शोभा यात्रा का न्यौता दिया गया है। उक्त जानकारी ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी (गैर राजनीतिक संगठन) के जिलाध्यक्ष सतीश अरोड़ा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। अरोड़ा ने बताया कि सिरसा में पहली बार अरूट महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में 29 मई शाम 3 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा श्याम बगीची मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न बाजारों का भ्रमण करते हुए अरोड़वंश चौक पर पहुंचकर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि हनुमानगढ़ में अरूट महाराज की जयंती पर शोभायात्रा देखी थी। जिस पर उनके मन में विचार आया कि क्यों न सिरसा में भी शोभा यात्रा निकाली जाए। इस मौके पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत अरोड़ा ने बताया कि यह शोभा यात्रा उनकी एक पहल है।



यूटिलाइजेशन

शीला श्रीवास्तव

बच्चों, समर वेकेशंस में तुम अपनी हॉबी के अनुसार म्यूजिक, ड्राइंग जैसे क्लासेज ज्वाइन कर अपने स्किल को तो बढ़ा सकते ही हो, साथ ही अपनी फैमिली के साथ कुछ समय बिताकर अपनी वेकेशंस को और अच्छे से यूज कर इसे स्पेशल-मेमोरेबल भी बना सकते हो।

# समर वेकेशंस को बनाओ स्पेशल-मेमोरेबल

बच्चों, पूरा साल तुम्हारा समय पढ़ाई और स्कूल की दूसरी एक्टिविटीज में निकल जाता है। तुम्हारे पास ज्यादा समय नहीं रहता, इसलिए तुमको घर के मेंबर्स के साथ जिस तरह समय बिताना चाहिए, नहीं बिता पाते। लेकिन समर वेकेशंस एक ऐसा मौका है, जब तुम ना सिर्फ अपने हॉबी क्लासेज ज्वाइन कर सकते हो, अपनी फैमिली से भी जुड़कर अपनी समर वेकेशंस को बहुत ही यूजफूल बना सकते हो। कैसे, जानो।

## सुबह की हो सुहानी शुरुआत

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों में सुबह जल्दी जरूर उठो। बाहर खुली जगह जाकर टहलो, एक्सरसाइज करो। इसके बाद अपने मम्मी-पापा के लिए ब्रेकफास्ट बनाओ। शुरुआत में तुम नाश्ते के लिए कोई आसान चीज बनाओ, जैसे सैंडविच, मिल्क शेक, शरबत या फ्रूट सलाद आदि। बाद में तुम यू-ट्यूब या अपने बड़ों की मदद से तरह-तरह की डिशेज बना सकते हो। जब मम्मी-पापा तुम्हारे हाथ की बनी तरह-तरह की डिशेज खाएंगे तो उन्हें खुशी होगी। उनकी सुबह सुहानी हो जाएगी।

## घर और बाहर के कामों में मदद

घर के छोटे-छोटे कामों में मम्मी-पापा की मदद करो। जैसे- बर्तन सही जगह रखना, कपड़े तह करना, डस्टिंग करना आदि। यदि तुम साइकिल ठीक से चला लेते हो और बाहर आने-जाने में हैवी



ट्रैफिक का खतरा नहीं है, तो घर के जरूरी सामान मार्केट से ले आओ। इससे तुम्हें खरीदारी के तौर-तरीके और बाजार की कीमतों का पता चलेगा। पैसे के जोड़-भाग से तुम्हारा गणित ज्ञान भी बढ़ेगा।



## घर के बुजुर्गों का रखो ख्याल

अगर तुम अपने दादा-दादी के साथ रहते हो, तो इस समर वेकेशंस में उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताओ। उनकी देखभाल करो, उनके छोटे-मोटे कामों में मदद करो। जैसे- समय पर उन्हें दवाई दो, उन्हें अखबार या उनकी पसंद की किताब पढ़कर सुनाओ, उनके साथ सुबह या शाम को पार्क में टहलने जाओ। बुजुर्गों को बच्चों का साथ बहुत अच्छा लगता है। छुट्टियों में तुम उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताओ। तुम्हारा प्यारा-सा साथ पाकर वे बहुत खुश होंगे। तुम्हें भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अगर घर में कोई पक्षी या अन्य पालतू जानवर हैं, तो तुम खुद ही उसकी केयर करो। इससे मम्मी-पापा को तो मदद मिलेगी ही, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।

## सीखो मेहमाननवाजी

बच्चों, तुम्हारे घर में मेहमान जरूर आते होंगे। घर में जब मेहमान आएं तो उनकी खातिरदारी में मम्मी-पापा की मदद करो। इससे तुम्हें लोगों को रिसीव करने, उनसे बातचीत करने का सलीका आएगा, साथ ही तुम मेहमानों के लिए खान-पान की व्यवस्था कैसे करनी है, उसमें वैराइटीज कैसे लानी है, सर्व कैसे करना है, ये सब बातें सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह तुम अच्छे मेहमाननवाज बनोगे।

## हरा-भरा बनाओ अपना घर और कॉलोनी

यदि तुम्हारे घर के लॉन में पेड़-पौधे हैं, तो इन गर्मियों की छुट्टियों में उनकी देखभाल का जिम्मा तुम लो। सुबह-शाम



पेड़ों की सिंचाई, गुड़ाई, क्यारियों और गमलों की सफाई तुम्हें कब और कैसे करना है, इसकी जानकारी तुम अपने मम्मी-पापा से लो। अपने हाथों से पौधे लगाओ। पौधों में फूल आने से पहले इनकी देखभाल कैसे होती है, यह जानो। तुम चाहो तो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी कॉलोनी में पेड़ लगाने का अभियान शुरू कर सकते हो।

## भाई-बहनों के साथ बिताओ समय

बच्चों, साल भर तुम ही नहीं, तुम्हारे बड़े या छोटे भाई-बहन भी अपनी पढ़ाई में बिजी रहते हैं। उनके साथ समय बिताने का मौका भी तुम्हें कम ही मिल पाता है। छुट्टियों का यह समय तुम उनके साथ बिताओ। उनके साथ गेम्स खेलो। यदि तुम्हारे भाई-बहन छोटे हैं, तो घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी भी मदद लो। ऐसा करने से तुम भाई-बहनों के बीच अच्छा तालमेल बनेगा।

बच्चों, इस तरह तुम जब समर वेकेशंस अपने मम्मी-पापा, दादा-दादी और भाई-बहन के साथ



मिलकर काम करोगे, उनके साथ समय बिताओगे तो ये दिन मेमोरेबल तो रहेंगे ही, साथ में फैमिली के साथ तुम्हरी बॉन्डिंग भी बढ़ेगी, जो परिवार की खुशहाली के लिए जरूरी है। *

एंज्वॉयमेंट / अनुराग मनींद्र

# ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स के बारे में तो तुम्हें पता ही होगा! टंग-ट्विस्टर कोई मुश्किल वर्ड होता है या फिर कुछ वर्ड्स का कॉम्बिनेशन होता है, जिसे एक निश्चित समय सीमा में, बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना और बार-बार दोहराना होता है। बच्चों, जब कोई टंग-ट्विस्टर बोलते हुए अटकता है या उसकी जुबान लड़खड़ाती है और उसके मुंह से 'कुछ का कुछ' निकलता है, तो टंग-ट्विस्टर बोलने वाले और बुलवाने वाले दोनों को ही खूब मजा आता है।



बच्चों, आज हम तुम्हारे लिए हिंदी के कुछ मजेदार टंग-ट्विस्टर्स लेकर आए हैं। इनमें से कुछ तो तुम्हें पहले से पता होंगे और कुछ तुम्हारे लिए बिल्कुल नए होंगे। तुम्हें इन टंग-ट्विस्टर्स को 15 सेकेंड्स के भीतर बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना है और बार-बार दोहराना भी है। देखते हैं कि 15 सेकेंड्स में कितनी बार तुम ये टंग-ट्विस्टर्स बिना लड़खड़ाए या बिना अटके बोल पाते हो। तो चलो, एक-एक करके ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स-

- ऊंट ऊंचा, ऊंट की पीठ ऊंची, ऊंची ऊंट की पूंछ।
- कच्चा पापड़, पक्का पापड़।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला पीला।
- नीला अंगूर, काला लंगूर।
- उड़ी चिड़ी ऊंची उड़ी, सब्जी पूड़ी ठंडी पड़ी।
- नीली रेल, लाल रेल।
- रोड रोलर, लोड रोलर।
- खड़क सिंह के खड़कने से खड़कती हैं खिड़कियां।
- राजा गोपी गोपाल गोपग्गम दास।
- चार नई नवेली दुल्हन, दुल्हन नई नवेली चार।
- लपक बबुली लपक, अब ना लपकबे त लपकबे कब।

क्यों बच्चों, इन्हें बोलते-बोलते तुम्हारी 'टंग' भी हो गई न 'ट्विस्ट'?

तुम ये टंग-ट्विस्टर्स अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी बोलने के लिए कहो और हंसो, हंसाओ, एंज्वॉय करो। *

### टंग-ट्विस्टर्स के फायदे

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स एक अच्छा 'आर्टिकुलेशन एक्सरसाइज' (उच्चारण अभ्यास) भी है। इसके लगातार प्रयोग से शब्दों का सही उच्चारण करने की क्षमता विकसित होती है। कई सारे कलाकार और स्टेज-आर्टिस्ट्स भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करते हैं, इससे उन्हें मंच पर स्पष्ट और धाराप्रवाह बोलने में आसानी होती है। कई बार स्पीच-थेरेपिस्ट भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करने की सलाह देते हैं। इससे साफ-साफ और स्पष्ट बोलने की आदत बनती है।

## जीके क्विज-104

1.हाल ही में भारत के किस राज्य में 'स्कूल ऑन व्हील्स' की शुरुआत की गई?
2.छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3.आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
4.अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
5.क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
6.शुष्क बर्फ (ड्राई आइस) क्या होता है?
7.कौन-सा विटामिन खून का थक्का बनाने (ब्लड-क्लॉटिंग) में सहायक होता है?
8.पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
9.श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवॉल्यूशन) का संबंध किससे है?
10.'गीता रहस्य' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-104 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-103 का उत्तर :** 1.उसेन बोल्ट, 2.नेपाल, 3.दो बार, 4.हरा, 5.एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 6.सिक्किम, 7.जयप्रकाश नारायण, 8.न्यूटन, 9.सिद्धार्थ, 10.रवींद्रनाथ टैगोर

**जीके क्विज-103 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, सरबजीत-करनाल, शुभम-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, सलोनी-रायपुर, शिवम-रोहतक, हर्ष-दिल्ली, राजन-भोपाल, दिव्यम-धमतरी, काव्या-राजनांदगांव

## हंसगुल्ले



**गप्पू :** कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
**पप्पू :** अरे! फिर क्या हुआ?
**गप्पू :** फिर मेरी पिटाई हुई।
**पप्पू :** किसने पीटा?
**गप्पू :** सूरज की मम्मी ने।
**-आर्यन, रायपुर**

**टीचर :** 'तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।' इसका भविष्य काल बताओ?
**पिंकी :** अब लाइट जाएगी।
**-माही, भोपाल**

सोनू ने मोनू के घर का दरवाजा खटखटाया।
**मोनू :** कौन है?
**सोनू :** मैं हूं।
**मोनू :** मैं कौन?
**सोनू :** अरे, तू मोनू है...और कौन?
**-चिराग, दिल्ली**

कहानी

सरस्वती रमेश

सोनू और मोनू आपस में बहुत झगड़ते थे। उनके झगड़े से मम्मी बहुत परेशान रहती थीं। एक दिन घर में नानी आईं और रात सोनू-मोनू के कमरे में उनके साथ सोईं। अगली सुबह जब दोनों उठे तो जरा भी नहीं लड़े। आखिर नानी ने सोनू-मोनू पर ऐसा क्या जादू किया, जो उनके स्वभाव में इतना बड़ा बदलाव दिखा।

# खत्म हुई मम्मी की परेशानी



सोनू और मोनू जुड़वा भाई हैं। उनकी शक्ल बिल्कुल एक जैसी है, लेकिन स्वभाव और पसंद एकदम अलग। दोनों की आपस में बिल्कुल नहीं बनती है। हर बात पर झगड़ा करते हैं। कभी-कभी तो झगड़ा इतना बढ़ जाता कि मम्मी-पापा को झगड़ा सुलझाने आना पड़ता। मम्मी दोनों बच्चों के झगड़े से बहुत ज्यादा परेशान रहती हैं, लेकिन उन्हें इसे खत्म करने का कोई उपाय नहीं सूझता।

एक दिन सोनू-मोनू से मिलने उनकी नानी आईं। नानी दोनों को बहुत प्यार करती हैं। उनके लिए गांव से ताजे फल लाती हैं। इस बार भी नानी बेर, कैथ, इमली और कैरी लेकर आईं। सोनू-मोनू को ये फल बहुत पसंद हैं। शहर में तो ये चीजें मुश्किल से मिलती हैं। इसलिए जब नानी इन्हें लेकर आतीं तो दोनों बड़े चाव से खाते हैं। नानी को आए अभी थोड़ी देर ही हुई थी। वह सोफे पर बैठीं चाय-नाश्ता कर रही थीं। तभी दोनों भाइयों का झगड़ा शुरू हो गया। सोनू कह रह था,'बेर और इमली मैं खाऊंगा। कैरी और कैथ तुम ले लो।'

'नहीं कैथ तुम ले लो, मैं बेर लूंगा।' मोनू चिल्लाया। 'ये दोनों इसी तरह दिनभर लड़ते रहते हैं। मैं तो परेशान हो चुकी हूं।' मम्मी ने नानी को बताया। 'तुम परेशान मत हो, मैं इन्हें समझा दूंगी।' नानी बोलीं।

रात को खाने के बाद सब सोने चले गए। नानी का बिस्तर सोनू-मोनू के कमरे में ही लगा था। 'नानी हमें कहानी सुनाओ न।' सोनू बोला।'मुझे भी सुननी है।' मोनू खुशी से उछलकर बोला। 'ठीक है सुनो।' नानी ने कहानी सुनानी शुरू की, 'एक किसान था। उसके चार बेटे थे। किसान के पास खूब सारे खेत थे। किसान अब बूढ़ा और बीमार हो गया था। बिस्तर पर पड़े-पड़े वह सोचता रहता कि उसके खेतों की देखभाल कैसे होगी? उसके बच्चे तो हमेशा आपस में लड़ते रहते हैं। खेती-बारी में उनकी कोई रुचि नहीं है। उधर धीरे-धीरे पड़ोसियों को किसान के बेटों के बीच झगड़े की बात पता चल गई। उनकी नजर किसान के खेतों पर थी। वे किसान के खेत हड़पने लगे। उन्हें पता था, चारों भाइयों को तो आपस में लड़ने से फुर्सत नहीं है। खेत देखने कोई नहीं आएगा। किसी ने किसान के खेतों में जानवर बांधने शुरू कर दिए तो किसी ने बाड़ लगाकर फसल बोनी शुरू कर दी। धीरे-धीरे पड़ोसियों ने किसान के सारे खेत हड़प लिए। न तो खेत बचे और न खाने को अनाज। जब घर में खाने को कुछ नहीं बचा तब एक दिन किसान के बेटे खेतों में पहुंचे। लेकिन वहां तो कोई और खेती करने में जुटा हुआ था। अब चारों भाइयों की आंखें खुलीं, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी।' कहानी सुनाने के बाद नानी ने बच्चों से पूछा, 'कुछ समझ आई कहानी?'

'हां, समझ में आई। भाइयों को आपस में लड़ना नहीं चाहिए।' मोनू बोला। 'तब तुम दोनों क्यों लड़ते हो?' नानी ने पूछा। 'अब हम नहीं लड़ेंगे नानी।' सोनू ने कहा।

'मैं भी नहीं लड़ूंगा।' मोनू बोला।

'शाबाश! अब दोनों सो जाओ। रात बहुत हो गई है।' नानी हंसते हुए बोलीं। सुबह सोनू-मोनू का बदला हुआ बर्ताव देखकर मम्मी हैरान थीं। दोनों मिलकर बिना झगड़े बड़े प्यार से काम कर रहे थे। मम्मी सोच में पड़ गईं कि आखिर नानी ने बच्चों को ऐसा क्या समझा दिया है, जो उनकी परेशानी खत्म हो गई। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन



## दिन गर्मी के

सूरज जब भी आंख तरेरे
समझो हैं दिन गर्मी के।
हवा चलाए गरम थपेड़े
समझो हैं दिन गर्मी के।
ताल-तलैया प्यासे, आए
सूखे से दिन गर्मी के।
मास्टर जी की बेंत सरीखे
रूखे से दिन गर्मी के।

सारा पानी सोख लिए हैं
जमाखोर दिन गर्मी के।
चलते कितने धीरे-धीरे
कामचोर दिन गर्मी के।
रातें तिल सीं और ताड़
से बने हुए दिन गर्मी के।
गुस्से में ज्यों आंख तरेरे
तने हुए दिन गर्मी के।

बूझो तो जानें / पवीन कुमार



1. सफेद खेत में बोए देखो
काले-नीले मोती
लंबा पतला बैल है
विद्या की खेती होती

2. दिखता लंबे सांप जैसा
लोहे का है फन
कमर से जो लिपटा वो
बात गई फिर बन

3. दो भाई दोनों अलबेले
एक-दूजे के पक्के चेले
कभी नहीं वो रहें अकेले
पहन देखने जाओ मेले

4. एक तो घोड़े जैसी भागे
एक की मध्यम चाल
कछुए जैसी एक है चलती
फिर भी करे कमाल

उत्तर: 1. कागज-पेन, 2. बेल्ट, 3. जूते, 4. घड़ी की सुइयां

## रंग भरो-150

**रंग भरो-150** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






दिव्यांश, दुर्ग



भावन्या, भिलाई



कल्पित, रोहतक



पलक, अटेली मंडी



युक्ति, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमिका-बलौदा बाजार, फाल्गुनी-भिलाई, प्रगति-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, रितेश-मटियारी, सृष्टि-रायपुर, वेदिका-बालोद, यशिका-बिलासपुर, नेहा-धमतरी, पूजा-रोहतक, रुचिका-दिल्ली, वैभव-करनाल, देवेश-भोपाल

## रंग भरो 151

बच्चों, इस चित्र में रोनित और पाखी बॉल खेलने जा रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## गिनकर बताओ

बच्चों यहां एक साथ कई सारे डॉग्स के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?



उत्तर: 10

## खबर संक्षेप

### शिविर में 81 बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**सिरसा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत वीरवार को आरकेजे वेलफेयर सेंटर में दिव्यांग बच्चों की जांच के लिए कैंप लगाया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद 81 बच्चों के स्वास्थ्य जांच की जांच की गई। कैंप में डॉ. शम्मी जिंदल, उपसिविल सर्जन सिरसा द्वारा स्कूल के अध्यापकों के साथ बैठक भी ली गई, जिसमें उनके द्वारा मुकबधिर दिव्यांगों के लिए सांकेतिक भाषा का महत्व बताया गया। उपसिविल सर्जन सिरसा द्वारा यह भी बताया गया कि आरबीएसके प्रोग्राम के तहत जिला सिरसा में विभिन्न स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाए जाते हैं।

### बालसमंद का अधिकतम पारा 45 के पार

**हिसार।** प्रचंड गर्मी के कारण लोग बेहाल हो चुके हैं। दिन के समय सड़कों पर आवागमन कम होने लगा है। हिसार और आसपास के क्षेत्रों में दिन और रात के तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। भीषण आग उगलने वाली गर्मी से आमजन का दिन और रात का चैन छीन लिया है और आमजन घरों में रहने के लिए मजबूर हैं। दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। हिसार से गांव बालसमंद ज्यादा गर्म रहा। बालसमंद का अधिकतम पारा 45.2 डिग्री तथा हिसार का अधिकतम पारा 44.2 दर्ज किया गया।

### मकान से रुपये चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित मकान से साढ़े 13 हजार रुपये चोरी के मामले में 12 क्वार्टर निवासी प्रिंस को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी अजीत ने शिकायत दी थी कि उसके पिता सेवानिवृत कर्मचारी है। उन्हें कम सुनाई देता है। उन्होंने कुछ पैसे बैंक से निकाले थे और 5 मई को उनके द्वारा रखे गए 9500 रुपये और 12 मई को उनके द्वारा घर पर रखे गए 4000 रुपये नहीं मिले। सीसीटीवी फुटेज देखने पर सामने आया कि एक लड़का उसके पिता का घर खोलने की कोशिश कर रहा है। उसी ने उसके पिता के घर से पैसे चोरी किए है। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन करते हुए प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया।

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध शराब बेचते हुए सेक्टर 16-17 के नजदीक से एक व्यक्ति को काबू कर 12 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार साउथ बाइपास के पास से न्यू मॉडल टाउन निवासी अमित को गिरफ्तार करके उससे 12 बोतल शराब बरामद की गई।

### गल्ले से रुपये चोरी करने वालों को पकड़ा

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने चुली खुर्द स्थित शराब ठेके के गल्ले से रुपये चोरी के मामले में दो आरोपियों दड़ौली निवासी विक्रम और रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सदलपुर निवासी बलवंत ने उपरोक्त आरोपियों पर उसके चुली खुर्द स्थित शराब के ठेके के गल्ले से नकदी चुराने का आरोप लगाते हुए आदमपुर थाना में शिकायत दी थी।

## जिला नागरिक अस्पताल में मनाया विश्व डेंगू दिवस

# सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादू ने डेंगू से बचाव की दी जानकारी

**डेंगू का मच्छर साफ ठहरे पानी में पनपता है**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जिला नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादू की अध्यक्षता में विश्व डेंगू दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन (मडिकल), डॉ. प्रमोद शर्मा, उप सिविल सर्जन (मलेरिया) डॉ. गौरव अरोड़ा, महामारी अधिकारी डॉ. संजय कुमार द्वारा आमजन से अपील की है कि डेंगू एक मच्छर जनित बीमारी है। डेंगू का मच्छर साफ ठहरे पानी में पनपता है। इसलिए डेंगू से बचाव के लिए पानी को इकट्ठा न रहने दें, क्योंकि पानी इकट्ठा होगा जहां, मच्छर पनपेगा वहां। इसके लिए अपने घरों की टंकियों को पूरी तरह ढक कर रखें। सप्ताह में एक बार टंकियों, कूलरों, गमलों, शौचालयों में पड़े घड़ों, छतों पर पड़े बेकार टायरों, पशु-पक्षियों के पानी पीने के बर्तनों व अन्य पानी के स्त्रोतों को खाली करें व रगड़कर साफ करें व फिर पानी भरें। अपने घरों के आस-पास 7 दिनों से ज्यादा पानी जमा न होने दें। खड़े पानी में मच्छर अण्डे देता है, जो 7 दिनों में पुनः मच्छर बनकर डेंगू फैलाता है। किसी भी बुखार की अनदेखी न करें, तुरंत खून की जांच करवाएं। इसकी जांच नागरिक अस्पताल, सिरसा में मु त उपलब्ध है व डेंगू पाए जाने पर इसका पूर्ण उपचार भी नागरिक अस्पताल, सिरसा में मु त उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरों के आसपास जहां भी जल भराव होता है, उसमें काला तेल डालें व हर रविवार को पानी के स्त्रोतों को खाली करना व उल्टा करके सुखाना सुनिश्चित करें।



**सिरसा।** जागरुकता रैली को रवाना करते सीएमओ।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पुष्कर दत्त, धीरज कुमार, केवल कृष्ण कंबोज, अभिषेक, वरुण कुमार, राजेश कुमार, लैब टेक्निशियन व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### फतेहाबाद में वर्ष 2024 में अब तक डेंगू का कोई केस

**फतेहाबाद।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर वीरवार को डेंगू दिवस की थीम-कनेक्ट विद कम्यूनिटी, कंट्रोल डेंगू पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला के अनेक स्थानों पर डेंगू रोग जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम बारे जागरूक किया गया। इस मौके पर स्थानीय नागरिक अस्पतद्मल से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष व डॉ. गुंजन द्वारा छात्र/छात्राओं के माध्यम से डेंगू जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जिले के विभिन्न शहरी व ग्रामीण स्कूलों में जाकर छात्र/छात्राओं को डेंगू व चिकनगुनिया के प्रति प्रश्नोतरी प्रतियोगिता व लैक्चर के माध्यम से जागरूक किया गया। इस मौके पर जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इसके उपरांत नागरिक अस्पताल में एक बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य कर्मचारियों व उपस्थित लोगों को बताया कि डेंगू रोग लोगों के स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। ऐसा करने से इस बीमारी से बचा जा सकता है परन्तु इसके लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर डॉक्टर को दिखाए अन्यथा यह बीमारी जानलेवा भी साबित हो सकती है। इस मौके पर डॉ. रासीद, नर्सिग अधिकारी प्रकाश रानी, रिंका रानी, सुपरवाइजर गोपाल बंसल, सुशील कुमार, रवि कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अपहरण तथा लूटपाट के मामले में दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

सदर थाना सिरसा पुलिस ने अपहरण व लूटपाट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी सब जगदीश चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गुरदेव सिंह तथा बब्बू सिंह निवासी गांव सुरेवाला राजस्थान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सदर थाना की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को रानियां थाना के गांव बणी क्षेत्र से काबू किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में गांव फरवांई कलां निवासी रणजीत सिंह की शिकायत पर बीती 20 फरवरी 2021 को सदर थाना सिरसा में अपहरण, लूटपाट तथा शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि इस घटना के दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त गाड़ी तथा पिस्टल बरामद किया जा चुका है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी गुरुदेव तथा बब्बू सिंह को अदालत में पेश किया गया जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में सिरसा जेल भेजा गया है।

# फर्जी सिम मामले में वांछित काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा

नाथूसरी चोपटा थाना पुलिस ने फर्जी सिम मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चोपटा थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सरवन कुमार निवासी ढाणी मेहुवाला रोड, डिंग मंडी के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में सिरसा जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बीती 21 नवंबर 2020 को चोपटा थाना में विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि बीती 21 नवंबर 2020 को सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम ने अंकित निवासी साहुवाला-2 तथा राजेश निवासी कागदाना को 85 फर्जी सिम के साथ गांव कागदाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। थाना प्रभारी ने बताया कि करीब साढ़े तीन साल से आरोपी सरवन की पुलिस को तलाश थी। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए समय-समय पर दबिश दी गई थी, परंतु आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहा था। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर चोपटा थाना की पुलिस टीम ने दबिश देकर कर आरोपी को डिंग मोड क्षेत्र से काबू किया गया।

# एडीसी ने सतलुज स्कूल में नागरिकों को दिलाई मतदान करवाने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भट्टूकलां

25 मई के चुनावी महापर्व के अंतर्गत वीरवार को भट्टू मंडी के शिवाजी पार्क में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी व साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में फतेहाबाद के अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने बतौर मुख्यअतिथि भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिवाजी पार्क से मतदाता जागरूकता साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा शिवाजी पार्क से मॉडल टाउन, अनाज मंडी, सब्जी मंडी व रेलवे रोड होते हुए सतलुज स्कूल पहुंची। जहां साइकिल यात्रा का समापन किया गया तथा स्कूल के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित किया। एडीसी राहुल मोदी ने उपस्थित जनों को अधिक से अधिक मतदान करवाने की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष बृजमोहन मित्तल व सैनिक संगठन अध्यक्ष राकेश ढाका ने कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान राजनेताओं को उनके कायार्ें के लिए जवाबदेह बनाए रखने में मदद करता है और हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रमन राणा ने कहा कि मतदान नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवाज और अवसर देता है।



**भट्टूकलां।** सतलुज स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदान करने की शपथ दिलाते एडीसी राहुल मोदी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डॉ. गिरीश, जिला रेडक्रॉस सचिव श्याम सुन्दर, रमन राणा, महाराज श्योचंद, रविंद्र ढाका, मदन गोपाल आर्य, बंसी लाल गुर्जर, कृष्ण सिंगला, डॉ. विवेक नैन, नरेन्द्र लूणा, सतपाल बंसल, सज्जन कुमार, साधु राम, कैलाश गर्ग, निखिल सोनी, शेरू मित्तल, सुरेंद्र कुमार फौजी, दिनेश माचरा, श्रुति मोंगा, गोपाल बंसल, राजेश बंसल, प्रदीप पोटलिया, रोहताश कड़वासरा, राजेंद्र सिंह, अनिल साईं, सुमेर साईं, गजानंद शर्मा, धर्मेंद्र ढाका, राज कुमार सिंगला सहित विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि व सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे।

# आईटीआई में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम

- योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

विश्वभर में 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी कड़ी में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रितु भटिया, जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. अजीत व योग स्पेशलिस्ट अंबिका पान्टा के मार्गदर्शन में गवर्मेंट इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट भिरड़ाना में दो दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयुष योग सहायक जन्नत कुमार ने प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे एनसीसी व एनएसएस स्वयंसेवकों को योगाभ्यास करवाते हुए योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया। जन्नत कुमार ने कहा कि यदि हम नित्य प्रति योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाते हैं तो हम स्वस्थ रहने के साथ-साथ बीमारियों से दूर रहकर होने वाले आर्थिक नुकसान से भी बच सकते हैं। हम अपने शारीरिक धर्म को पूरा करके ही हम राष्ट्र उत्थान में अपना योगदान देते हुए राष्ट्र धर्म निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही एक उन्नत राष्ट्र का हिस्सा होता है। साथ ही आयुष योग सहायक ने आगामी 10 अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल अभ्यास से भी प्रशिक्षुओ को अवगत करवाया। आयुष योग सहायक द्वारा स्वयंसेवकों को योग अभ्यास के इस दो दिवसीय सत्र में नित्य प्रति योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए शपथ भी दिलवाई गई। इंस्टिट्यूट के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह द्वारा आयुष योग सहायक का धन्यवाद करते हुए आश्वासन दिया कि ये बच्चे योग को दिनचर्या में शामिल करके स्वास्थ्य लाभ उठाएंगे।


**फतेहाबाद।** आईटीआई भिरड़ाना में विद्यार्थियों को योग का महत्व बताते आयुष योग सहायक जन्नत कुमार।

# सरकारी स्कूल में बच्चों को बांटी स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट ने वार्ड नंबर 22 के सरकारी स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित की। ट्रस्ट के सचिव डॉ. सुरेंद्र हांडा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. शैलेंद्र सिंह हुड्डा व विशिष्ठ अतिथि के तौर पर कीर्तिनगर चौकी के एएसआई अमरपाल ने शिरकत की।

मुख्यातिथि ने कहा कि जब जब सिरसा में सामाजिक कायार्ें की बात होगी, तब तब बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट का नाम प्राथमिकता से लिया जाएगा क्योंकि यह ट्रस्ट पर्यावरण, शिक्षा, स्वच्छता सहित अनेक समाजसेवी कायार्ें में समर्पित भाव से अपना योगदान दे रहा है। अमरपाल ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का मनुष्य जीवन में अहम रोल है। बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट के कार्य सराहनीय हैं, जो समय-समय पर जरूरतमंद बच्चों को संसाधन उपलब्ध करवाकर अक्षर ज्ञान दिलाने में महत्ती भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान व चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कर्मचारी नेता रविंद्र सैनी, बेटा बचाओ अभियान के संस्थापक तरूण भाटी, समाजसेवी रणजीत टक्कर, अध्यापक रजनीश सहित स्टाफ सदस्य, विद्यार्थी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा मंडल प्रभारियों व मंडल अध्यक्षों की बैठक

**फतेहाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी जिला कार्यालय में सभी मंडल प्रभारियों व मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य ने शिरकत की वहीं अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर की जीत को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने कहा कि पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार 17 मई तक सभी बूथों पर त्रिदेव व सभी मोचार्ें जिसमें महिला, किसान, युवा, एससी व बीसी मोचार्ें की मीटिंग आयोजित हो रही है, जिसमें चुनाव जीतने की संरचना बनाई जा रही है। इसके अलावा 19 से 20 मई तक सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर घर घर जाकर मतदाता पर्ची व भाजपा की प्रचार सामाग्री वितरित करने का काम करेंगे। सुरेन्द्र आर्य व बलदेव ग्रोहा ने कहा कि आज चारों ओर भाजपा की जबरदस्त लहर है। जनता ने पीएम नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया है।

# रतिया की पलक सिंगला ने 12वीं कक्षा में जिला टॉप कर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

रतिया की बेटी पलक सिंगला ने 12वीं कॉमर्स में 97.4 प्रतिशत अंक लेकर पूरे जिले में टॉप किया। जैसे ही यह खबर आई पूरे शहर में खुशी की लहर दौड़ गई और उनके घर पर बधाई देने वालो का तांता लग गया।

अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर खुश होते हुए उसके पिता प्रवीण सिंगला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि यह परीक्षा परिणाम बाबा श्री श्याम की असीम कृपा व उसके अथक मेहनत का फल है। उसने दिन रात पढ़ाई की। पलक सिंगला ने बताया कि वह फतेहाबाद के डीएवी स्कूल की छात्रा है। टीचर्स का समय-समय पर उसे सही मार्गदर्शन मिलता रहा और अपनी इस उपलब्धि के लिए उसने बाबा श्याम का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सब बाबा श्याम की कृपा से व मेरे माता पिता के आशीर्वाद से ही सम्भव हुआ है। उन्होंने मुझे हर तरफ से पूरी तरह सपोर्ट किया जिस कारण मैने यह उपलब्धि हासिल की है। उसने कहा कि मेरा सपना आगे आईएएस बनकर देश सेवा करने का है।


**रतिया।** 12वीं में टॉपर पलक सिंगला।

### बालाजी मंदिर में मनाया मां बगलामुखी का जन्मोत्सव

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव कंगनपुर स्थित श्री चमत्कारी बालाजी मंदिर में मां बगलामुखी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। श्री राधेकृष्णा चैरिटेबल ट्रस्ट से बलजिंद्र जोसन फौजी ने बताया कि इस मौके पर महायज्ञ करवाया गया, जिसमें बतौर मुख्यातिथि संजू महंत ने शिरकत कर आहूति डाली। उन्होंने 'योत प्रचंड की और माताजी से जग कल्याण की मनोकामना की। इस मौके पर गुरुदेव काशीराम भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी को आशीर्वाद दिया। बाबा सुभाष लाल ने रातभर मां की महिला का गुणगान किया। सुबह भंडारा लगाया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री राधे कृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रधान माया चोयल, संध्या सुखरालिया, इंदु देवी, अजय शर्मा, अमर सिंह सैनी, दीक्षांत, रंजीत, पवन कुमार, मोहन कुमार, अभय सोनी, गौतम, पवन सोनी, मनजीत उपस्थित थे।

### फतेहाबाद में लाखों की हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने लाखों रुपये की हेरोइन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई मेजर सिंह के नेतृत्व में नशीले पदाथार्ें की तस्करी रोकने को लेकर गश्त के दौरान टोहाना में बीडीपीओ कार्यालय की तरफ जा रही थी। जैसे ही टीम गोगा मेड़ी मंदिर के पास पहुंची तो वहां एक युवक खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और मंदिर की दीवार की आड़ में तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अभिषेक उर्फ मेशु निवासी जवाहर नगर टोहाना बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 42 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर टोहाना में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बरामद की गई हेरोइन की कीमत लाखों रुपये बताई गई है। एक अन्य मामले में थाना जाखल पुलिस व सीआईए टोहाना की संयुक्त पुलिस टीम ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नजदीक रेलवे स्टेशन, नई बस्ती जाखल में नाकाबंदी कर अजय निवासी डांगरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 6.50 ग्राम हेरोइन बरामद कर थाना जाखल में मादक पदार्थ की तस्करी के तहत मामला अंकित किया है।

### श्री श्याम बगीची में जागरण एवं भंडारे का आयोजन 19 को

**सिरसा।** अनाज मडी स्थित श्री श्याम बगीची में एकदशी के उपलक्ष्य में 19 मई को भव्य जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जागरण से पूर्व सुबह विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि एकादशी के उपलक्ष्य में 19 मई रविवार को सुबह 8:15 बजे पटेल बस्ती स्थित श्री श्याम मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा श्याम मंदिर से चलकर शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए श्याम बगीची धाम में पहुंचकर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि रात को 8:15 बजे जागरण का आयोजन किय जाएगा। उन्होंने बताया कि जागरण में वृंदावन से गोपाल सखी जी व आदमपुर से राघव भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि रात को 9:15 बजे बाबा श्याम को भोग लगाकर श्याम रसोई (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा।

- रात को 8:15 बजे जागरण का अयोजन किया जाएगा

## विज्ञान किट्स, एनरोलमेंट्स, बुनियाद पर की चर्चा

# नामांकन बढ़ाने वाले स्कूल मुखियाओं को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जिला के सभी 7 खंडों के माध्यमिक, उच्च, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मुखियाओं की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी ज्ञान सिंह एवं बूटा राम जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सिरसा की अध्यक्षता में हुई, जिसका प्रमुख एजेंडा प्रवेश उत्सव एवं नामांकन रहा। इस बैठक में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की विद्यालय वार एवं खंड वार 31-03-24 की सं या का 15-05-24 की सं या के साथ तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। डीईओ ज्ञान सिंह ने बताया कि खंड रानियां, ऐलनाबाद एवं बड़गुढ़ा के विद्यालयों में पिछले सेशन की तुलना में नामांकन में वृद्धि हुई है, जबकि खंड सिरसा, डबवाली, नाथूसरी चोपटा, ओढ़ां के विद्यालयों में पिछले सेशन की तुलना में नामांकन में कमी आई है, जिस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी ने नामांकन में वृद्धि करने वाले विद्यालयों के मुखियाओं एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को शाबाशी दी एवं बधाई प्रेषित की, जबकि जिन विद्यालयों में नामांकन में कमी आई है, उनको विद्यार्थियों का नामांकन बढ़ाने के तरीके बताते हुए उचित दिशा-निर्देश दिए। बूटा राम जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सिरसा ने सभी मुखियाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी मुखिया एवं अध्यापकों को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। आदर्श अध्यापक के गुण बताते हुए आह्वान किया कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था को अंगीकार करते हुए अपने तन-मन से नामांकन को बढ़ाने का संकल्प लें। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने भी नामांकन बढ़ाने वाले मुखियाओं को बधाई प्रेषित की एवं नामांकन में कमी वाले विद्यालय मुखियाओं को नामांकन बढ़ाने के स त निर्देश दिए। मंच का संचालन जिला विज्ञान विशेषज्ञ डा. मुकेश कुमार ने किया और उन्होंने समस्त स्कूल मुखियाओं को आग्रह किया कि वो इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत इस वर्ष अधिक से अधिक विद्यार्थियों के आइडिया ऑनलाइन नॉमिनेट करवाएं।

**प्रैक्टिकलस करवाने पर दिया जोर**

विज्ञान प्रयोगशालाओं में सभी विज्ञान किट्स ओपन करवाएं और पाठ्यक्रम के अनुसार प्रैक्टिकलस करवाने पर जोर दिया। बैठक में शिक्षा विभाग के कुछ अन्य एजेंडे जैसे कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं का बोर्ड का परिणाम, विज्ञान किट्स, सेक्सुअल हैरासमेंट कमेटी, धाकड़ क्लब, प्रहरी क्लब, विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना, बिजली बिल की मांग, बुनियाद, सुपर-100 प्रोग्राम, सीएम विंडो एवं आरटीआई के निपटान आदि पर भी चर्चा की गई। इस बैठक में कृष्ण कुमार खंड शिक्षा अधिकारी सिरसा, सुनीता साईं खंड शिक्षा अधिकारी रानियां, सुभाष फुटेला खंड शिक्षा अधिकारी ऐलनाबाद, विनोद श्योराण खंड शिक्षा अधिकारी ओढ़ां, डा. मुकेश कुमार जिला विज्ञान विशेषज्ञ सिरसा, अमित मनहर नोडल अधिकारी, संजय मोंगा, तपन वशिष्ठ, जयमाल, राकेश गोदारा, हरीश चावला, इकबाल सिंह आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## चंदड़कलां में घर से लैपटाप व मोबाइल फोन चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव चंदड़ कलां में एक घर में घुसकर वहां से लैपटाप व मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव चंदड़ कलां निवासी अश्वनी कुमार ने कहा है कि गत रात्रि वह अपने घर पर सो रहा था और घर का मेन गेट बंद था। उसने अपने लैपटॉप व मोबाइल को चार्जिंग पर लगाया हुआ था। रात को अज्ञात चोर उसके घर के पीछे वाली दीवार को फांदकर उसके घर घुस गया वहां से उसका लैपटाप व मोबाइल फोन चोरी करके ले गया है। जब उसने सुबह दोनों को गायब देखा तो पहले आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला।

## मकान से गेहूं की बोरियां चोरी, भाइयों पर केस

**फतेहाबाद।** भूना में एक मकान में घुसकर चोर हजारों रुपये की गेहूं चोरी कर ले गए। भूना के ही दो युवकों पर चोरी का आरोप लगा है। इस बारे पुलिस ने केस दर्ज कर युवकों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 8 भूना निवासी कमला देवी ने कहा है कि उसका नेहरू पार्क के पास मकान है। गत दिवस उन्होंने मेन गेट के सामने बरामद में गेहूं के 8 कट्टे रखे थे। रात को अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर आया औश्र वहां से गेहूं के कट्टों को चोरी कर ले गया है। चोरी की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

## दमकौरा के पास नहर से शव बरामद

**टोहाना।** गांव दमकोरा स्थित नहर से एक व्यक्ति का नग्नावस्था में शव बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकला। शव की शिनाख्त ना होने पर उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां 72 घंटे तक शिनाख्त ना होने पर उसका नगर परिषद के माध्यम से अंतिम संस्कार करवाया जाएगा। मौके पर पहुंचे नवजोत ढिल्लों ने बताया कि उन्हें पुलिस प्रशासन से सूचना मिली थी कि भाटिया नगर से दमकोरा गांव के पास एक व्यक्ति का नग्नवस्था में शव तैरता हुआ जा रहा है।

## महिला सम्मेलन को लेकर तैयारी पूरी : मित्तल

**फतेहाबाद।** सिरसा के रिद्धी-सिद्धी पैलेस में शुक्रवार को होने वाले महिला सम्मेलन में जिला फतेहाबाद से हजारों की संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। यह जानकारी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रधान नेहा मित्तल ने बताया कि भाजपा महिला मोर्चा की ओर से 17 मई को दोपहर 2:30 बजे सिरसा के रिद्धी-सिद्धी पैलेस में महिला सम्मेलन किया जाएगा। इस महिला सम्मेलन में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा वनाथी श्रीनिवासन, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शनी सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

## हत्या के प्रयास का आरोपी काबू

**डबवाली।** थाना सदर डबवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले का आरोपी गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुरेंद्र सिंह निवासी किलियांवाली के रूप में हुई है। थाना सदर डबवाली प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 7 अप्रेल को गुरमेल सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### अधिकारियों ने 100 प्रतिशत मतदान का किया आह्वान

# मैराथन से किया लोगों को मतदान के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

रिटर्निंग अधिकारी के नेतृत्व में स्वीप ऐलनाबाद द्वारा मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन तहसील कार्यालय से शुरू होकर बस स्टैंड तक चली, जिसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारी व उपमंडल अधिकारी ना. डॉ. वेद प्रकाश बैनीवाल ने हरी झंडी दिखाकर इस मैराथन को रवाना किया। उनके साथ सीएमजीजी, शुभम भार्गव, खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, स्वीप मास्टर सिरसा नरेश ग्रोवर, बीआरसी षि शर्मा, स्वीप मास्टर ऐलनाबाद राकेश कुमार, नरेश कुमार भी मौजूद रहे। मंच का संचालन राधा कृष्णा पटीर ने किया।



**सिरसा।** उपमंडल अधिकारी हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सबसे बड़ा लोकतंत्र

डॉ. वेद प्रकाश बैनीवाल मैराथन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे प्रदेश में भी लोकसभा का चुनाव 25 मई को होना है, इस चुनाव में मतदाताओं को मत डालने के प्रति जागरूक करना है। ताकि शत प्रतिशत मतदान हो सके। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने मैराथन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यार्थी समाज के प्रत्येक कार्य में आगे रहते हैं। इसी कड़ी के तहत मतदाताओं को मत के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे।

**सबसे बड़ा त्योहार :** उन्होंने कहा कि 25 मई का मतदान का दिन एक त्यौहार की तरह मना कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। मैराथन में विभिन्न स्कूलों से आए बच्चे पीटीआईएडीपी, पीजीटी फिजिकल एजुकेशन ने भाग लेकर सिरसा में 100 प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इनके साथ-साथ बच्चों द्वारा नारे लगाकर जिसमें ना नशे से ना नोट से, किस्मत बदलेगी वोट से, सिरसा का अभियान 100 प्रतिशत मतदान के नारों के साथ मैराथन आरंभ की गई।

अन्य निजी स्कूलों से आए हुए चेयरमैन, प्रिंसिपलों ने भी इसमें भाग लिया। इलाहाबाद के मैराथन के नोडल हॉकी कोच हरविंदर सिंह ने सभी को मतदान करने का संदेश दिया।

### केवाईसी एप से मतदाता देखें अपने प्रत्याशी की प्रोफाइल

**फतेहाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं के अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए चुनाव आयोग ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों की प्रोफाइल से अवगत हों, इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी यानि नो योर कैंडिडेट एप की शुरुआत की है जिससे मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों/प्रत्याशियों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं। उपायुक्त राहुल नरवाल बताया कि आयोग द्वारा केवाईसी एप शुरू की गई है जो चुनाव प्रक्रिया में काफी अहम रोल रखती है। इस एप के जरिये कोई भी व्यक्ति स्वयं के लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे भारत की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों/प्रत्याशियों के नामांकन पत्र देख सकता है। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन में दर्ज की गई विस्तृत जानकारी इस एप के माध्यम से देखी जा सकती है। नो योर कैंडिडेट (केवाईसी) नाम की यह एप गूगल प्ले स्टोर या एप्पल स्टोर से फ्री में डाउनलोड की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस एप पर उम्मीदवार का नाम, पिता/पति, पार्टी, उम्र, लिंग, पता, राज्य, विधानसभा/लोकसभा की जानकारी मेन डिस्प्ले में दिखाई देती है। इसके साथ ही उम्मीदवार द्वारा नामांकन के दौरान दिया गया हलफनामा इस एप में अपलोड किया जाता है। मतदाता सीधे उम्मीदवार के हलफनामे में दी गई जानकारी प्राप्त सकते हैं। इसके अलावा एप पर चुनाव के दौरान सभी नामांकन, स्वीकार नामांकन, निरस्त हुए नामांकन और नाम वापस लेने वाले प्रत्याशियों की भी जानकारी मिलती है।

### छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व बताकर किया जागरूक

**सिरसा।** जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह के आदेशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत वीरवार को स्थानीय चतरगढ़ पट्टी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को मताधिकार का महत्व बताया तथा अध्यापकों का मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि प्रत्येक छात्र-छात्राएं अपने माता-पिता, रिश्तेदारों व आस-पड़ोस के लोगों को को आने वाले लोकसभा चुनाव में 25 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करें ताकि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने अध्यापकों व अन्य स्टॉफ सदस्यों से भी अपील की कि वे भी मतदान के दिन अपने संबंधित पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करें तथा दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।


**सिरसा।** पंचायत भवन में रिहर्सल के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को संबोधित करते पर्यवेक्षक। फोटो : हरिभूमि

## माइक्रो आब्जर्वर की प्रथम चरण की रिहर्सल का आयोजन

■ मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम व की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लोकसभा निर्वाचन 2024 को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर को स्थानीय पंचायत भवन के सभागार में वीरवार को सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी और जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर पुनीत चावला द्वारा ईवीएम व वीवीपैट की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी गई। सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर संवेदनशील बूथों के साथ-साथ अन्य भी बूथों पर भी विशेष नजर रखेंगे। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया तथा उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने में माइक्रो ऑब्जर्वर की अहम भूमिका होती है। ऐसे में आप सभी को 25 मई को मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय पर पहुंच जाना है और मॉक पोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है। मॉक पोल से लेकर वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के कंट्रोल यूनिट की सीलिंग पर भी नजर रखनी है। उन्होंने कहा कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को पोलिंग एजेंट पर भी नजर रखनी है कि मॉक पोल के दौरान वह उपस्थित हुए या नहीं। इसके साथ ही प्रत्येक घंटे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता रजिस्टर से आंकड़े का मिलान करते रहेंगे, ताकि मतदान की स्थिति स्पष्ट होती रहे। दोपहर 3:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक कतार में कितने मतदाता उपस्थित थे इसकी भी रिपोर्ट देनी है।


**फतेहाबाद।** बिजली कर्मचारियों की कन्वेंशन को संबोधित करते राज्य अध्यक्ष सुरेश राठी।

### वोट का प्रयोग जरूर करें : सुरेश राठी

**फतेहाबाद।** कर्मचारियों एवं जनता से वोट जरूर करने, निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न करवाने, शासन प्रशासन के दबाव में न आने, सरकारी नीतियों के प्रभाव से दोस्त-दुश्मन की पहचान कर वोट करने की अपील करने को लेकर आज ऑल हरियाणा पावर कापारेरेशन वर्कर यूनियन द्वारा कन्वेंशन का आयोजन किया गया। पटवार भवन फतेहाबाद में हुई यूनिट स्तरीय कन्वेंशन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान अमित शर्मा ने की व संचालन सचिव रामनिवास शर्मा द्वारा किया गया। कन्वेंशन में मुख्य वक्ता के तौर पर यूनियन के राज्य अध्यक्ष सुरेश राठी ने भाग लिया। राज्य अध्यक्ष सुरेश राठी ने कहा कि कर्मचारियों को दबाने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जाएंगे लेकिन कर्मचारियों व जनता के हकों की, कल्याणकारी नीतियों की मांग की राजनीति हमें करनी ही होगी। उन्होंने कहा कि लाभ पर आधारित संस्थानों को प्राइवेट करने, कम वेतन करने, असुरक्षित नौकरी देने, पक्की नौकरी देने की बात कौन कर रहा हौ, उसी आधार पर कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि पेंशन देने की बात कौन कर रहा है और पेंशन को पाप कौन बता रहा है, कर्मचारी इसमें फर्क करते हुए अपने दोस्त व दुश्मन की पहचान करें।

### घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं वोटर कार्ड

**फतेहाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन कर दिए हैं। आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरु कर रखी है। मतदाता घर बैठे ही चुनाव आयोग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन से अपना फोटोयुक्त डिजिटल वोटर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि यदि मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या आयोग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजिलॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है।


**फतेहाबाद।** चुनाव आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड किया गया ई-मतदाता पहचान पत्र।

### मतदान जागरूकता को लेकर शिक्षा विभाग आज फतेहाबाद में निकालेगा साइक्लोथॉन रैली

**फतेहाबाद।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद में 17 मई को साइक्लोथॉन रैली का आयोजन किया जाएगा। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी साइक्लोथॉन रैली को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी युवाओं को शपथ भी दिलाएंगे कि वे 25 मई को अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए संकल्प लेंगे। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद व राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी सहित जेआरसी, शिक्षा विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी व सामाजिक कार्यकर्ता सामूहिक रूप से इस रैली में भाग लेंगे। इस दौरान 100 से अधिक छात्र-छात्राएं साइक्लोथॉन के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थानों में प्रचार प्रसार करते हुए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद में पहुंचेगे।


**सिरसा।** सीडीएलयू में मतदान के लिए तैयार की जा रही सामग्री का निरीक्षण करते पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी। फोटो : हरिभूमि

### चुनाव को पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ सम्पन्न करवाना अधिकारियों का दायित्व : देव कृष्णा तिवारी

**सिरसा।** सिरसा संसदीय क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी व जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने वीरवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में स्थापित स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया और ईवीएम व मतदान के लिए तैयार की जा रही अन्य सामग्री का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अनेक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी ने निरीक्षण के दौरान ईवीएम मशीनों की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने वीवी पैट में लगाई जा रही पर्ची का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईवीएम मशीनों को तैयार करते समय इनमें प्रयोग होने वाली बैंटरी की चार्जिंग अच्छी प्रकार से चैक कर लें। इसके अलावा मतदान प्रक्रिया में प्रयोग होने वाले सभी प्रकार के फार्मों व अन्य सामग्री को अच्छी प्रकार से जांच कर थैलों में डालें। सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी ने चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल पहुंचे थे।

## रंजिश के चलते खेत में लगाई आग, लाखों का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ढाबी बबनपुर में एक किसान ने रंजिश के चलते अपने खेत में फसल के अवशेषों में आग लगा दी। आग ने पास की एक ढाणी को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में ढाणी बबनपुर निवासी रमनप्रीत सिंह व किरनपाल सिंह ने कहा है कि गांव के ही गुरमान सिंह का खेत उसके घर के साथ है। वह उनके साथ काफी समय से रंजिश रखे हुए है और उन्हें परेशान करने के बहाने ढूंढता रहता है। रमनप्रीत ने कहा कि गुरमान सिंह ने सरकारी नियमों की उल्लंघना करते हुए व उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए दोपहर को अपने खेत में फसल के अवशेषों में आग लगा दी और खुद अपने खेत में जाकर खेत को जोतने लगा। गुरमान द्वारा लगाई गई आग धीरे-धीरे उनके घर तक पहुंच गई और आग से उसके दो गोबर गैस प्लांट, करीब 50 क्विंटल लकड़ी, 90 ट्राली तूड़ी जलकर राख हो गई। किसानों ने कहा कि आग से उसका करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। किसान ने कहा कि जब आरोपी गुरमान सिंह ने आग लगाई उस समय उनके घर पर परिवार के सदस्य ही थे। उन्होंने पहले अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग भड़कते देख इस बारे फायर बिग्रेड को सूचना दी।

## पॉयनियर स्कूल में टैलेंट हंट में थिरके बच्चे

■ पॉयनियर ने किया नए विद्यार्थियों के स्वागत में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बीघड़ रोड स्थित पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल में आज विद्यालय में इस सत्र में प्रवेश लेने वाले नव आंगतुक विद्यार्थियों के एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया। बड़े बच्चों के लिए टैलेंट हंट का आयोजन किया है वहीं प्राइमरी विभाग के बच्चों ने डांस, गीत व विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दे सभी के मन को मोह लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यतः विभिन्न स्कूलों से आए नए बच्चों को स्कूल के अन्य बच्चों से परिचित करवाना व स्कूल के वातावरण में ढालना मुख्य उद्देश्य होता है। कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। बच्चों को संबोधित करते हुए मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निमारेही ने पॉयनियर परिवार को हिस्सा बनने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्कूल सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहेगा तथा पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी पूर्ण ध्यान दिया जाएगा। अंत में सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेयर पर्सन शीलू निमारेही, प्रिंसिपल गीतिका मेहता, डायरेक्टर निशांत निमारेही व वाइस प्रिंसिपल मैत्री निमारेही ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।



**फतेहाबाद।** पॉयनियर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### होटल में पार्टनर न बनाने को लेकर होटल मालिक पर बोला हमला

**फतेहाबाद।** सिरसा रोड स्थित होटल सिलवर स्पून में पार्टनरशिप से इंकार करने से खफा एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर होटल के मालिक पर हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में योग नगर फतेहाबाद निवासी पवन कुमार उर्फ चिंटू ने कहा है कि उसने करीब 3 महीने पहले सिरसा रोड फतेहाबाद पर सिलवर स्पून नाम से होटल किराये पर लिया था। गत दिवस रात करीब 11 बजे जब वह होटल से घर जाने के लिए अपनी कार में बैठा ही था तो अचानक दो स्कार्पियो व एक क्रेटा गाड़ी आई और उसके आगे लगाकर उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद 3-4 युवक गाड़ी से उतरे और उसके पास आए। इन युवकों में विजय बिश्नोई निवासी भोड़िया बिश्नोईयान व कृष्ण गुर्जर निवासी हांसी को वह जानता था। इन लोगों ने आते ही उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। जब उसने रोका तो गाड़ी से उतरे अन्य युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके शोर मचाने पर उक्त युवक उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पवन ने बताया कि बाद में उसके दोस्त ने उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से उसे रेफर कर दिया गया।

## लेक्चरार के घर से नकदी और गहने चोरी, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑफिसर कालोनी में चोरों ने एक सरकारी लैक्चरर के मकान में घुसकर वहां से लाखों के गहने, नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ऑफिसर कालोनी फतेहाबाद निवासी सलिन्द्र कुमार ने कहा है कि वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहरवां में बतौर लैक्चरर कार्यरत है जबकि उसकी पत्नी एमएम शिक्षण महाविद्यालय में कार्यरत है। गत दिवस सुबह वह मकान को ताला लगाकर अपनी ड्यूटी पर चले गए थे। जब वह दोपहर को ड्यूटी से वापस घर आया तो उसने देखा कि उसके मकान के मेन गेट का ताला व कमरों के ताले टूटे पड़े थे और घर में सामान बिखरा पड़ा था। जब उसने अंदर जाकर सामान की जांच की तो पाया कि चोर कमरे में रखी अलमारी से 37 हजार रुपये कैश, एक सोने का कड़ा, कानों की बालियों सहित करीब सवा 3 तोले सोने के गहने, माइक्रोवेव व गैस सिलैण्डर चोरी करके ले गए है। इस पर उसने पहले अपने स्तर पर आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### शराब छुड़ाने का दावा करने वाला तुलसी धाम विवादों में

# पंचायत ने लगाया पाखंडवाद फैलाने का आरोप, संचालिका को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के गांव खाबड़ा कलां में शराब छुड़ाने का दावा करने वाला तुलसी धाम विवादों में आ गया है। वीरवार को धाम के खिलाफ गांव के पंचायत घर में महापंचायत हुई। इस महापंचायत में काफी संख्या में ग्रामीणों के अलावा हिसार के कोथकलां से नाथ संप्रदाय के सबसे बड़े डेरे के महंत शुक्राई नाथ ने भी शिरकत की। उन्होंने लोगों को शराब, नशे, पाखंडवाद से दूर रहने की शपथ दिलाई। साथ ही पाखंडवाद के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। दूसरी ओर तुलसी धाम की संचालिका संगीता देवी ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि वे पाखंडवाद को बढ़ावा नहीं दे रही, बल्कि लोग श्रद्धा से यहां आ रहे हैं। बता दें कि खाबड़ा कलां में कई एकड़ में बने तुलसी धाम में अब रोजाना हजारों की संख्या में लोग झाड़ा लगवाने के लिए आते हैं। वाहनों की ज्यादा तादाद होने के चलते करीब एक एकड़ में पार्किंग तक बनाई गई है। यहां पर साथ लगते राजस्थान क्षेत्र से काफी तादाद में लोग पहुंच रहे हैं। आज हुई पंचायत में महंत शुक्राई नाथ ने बताया कि ग्रामीणों की तरफ से उन्हें बताया गया है कि खाबड़ा में अंधविश्वास फैलाया जा रहा है। इसी के खिलाफ आज महापंचायत हुई है, जिसमें फैसला लिया गया है कि किसी भी रूप में यहां पाखंडवाद नहीं चलने देंगे, केवल खाबड़ा नहीं जहां भी यह मामले होंगे, वहां लड़ाई लड़ी जाएगी। प्रशासन को भी इस मामले में शिकायत दी गई है।

उन्होंने बताया कि रोजाना आने वाले हजारों लोगों से प्रसाद के नाम पर 20 से 50 रुपए तथा पार्किंग की फीस के रूप में रुपए लिए जा रहे हैं। रोजाना लाखों रुपए ऐंठे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पाखंड का प्रचार यूट्यूब पर भी खूब किया जा रहा है, जिससे दूर दराज से लोग अब यहां आ रहे हैं। महंत शुक्राई नाथ ने कहा कि यहां शराब छुड़ाने का दावा किया जा रहा है, जबकि पंचायत में मौजूद लोगों ने बताया कि उनकी शराब नहीं छुटी। उन्होंने कहा कि यदि झाड़े से समस्याएं हल हों तो बॉर्डर पर दुश्मनों की एके 47 पर झाड़ा लगाकर उन्हें नेस्तनाबूत कर दें। उधर, जब तुलसी धाम का दौरा किया गया तो पाया गया कि राजस्थान नंबर की भारी संख्या में बसें, कारें, पिकअप यहां आई हुई थी। धाम के बाहर फल फ्रूट, जूस, चाय, पकौड़ों के अलावा प्रसाद की स्टालें भी देखी गईं। थोड़े आगे जाकर देखा तो धाम में एक पंडाल में यहां की संचालिका संगीता देवी सामने बैठे झाड़ा लगा रही थी।



**फतेहाबाद।** तुलसी धाम में झाड़ा लगवाने आए लोग व तुलसी धाम के बाहर लगी स्टालें। फोटो : हरिभूमि